# भारत-फिनलैंड के बीच में कई समझौते

## उद्देश्य दोनों देशों के बीच कुशल पेशेवरों की आवाजाही को सुगम बनाना

**नई दिल्ली 05 मार्च. भारत और फिनलैंड ने द्विपक्षीय संबंधों को डिजिटलीकरण तथा सतत विकास के क्षेत्र में रणनीतिक स्तर तक बढाने और प्रौद्योगिकी, गतिशीलता और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए गुरुवार को कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए और अनेक नयी पहलों की घोषणा की.**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारत यात्रा पर आये फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। दोनों देशों ने पर्यावरण सहयोग , सांख्यिकी और माइग्रेशन तथा मोबिलिटी के क्षेत्र में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये और डिजिटल प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, अनुसंधान, स्टार्टअप और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग प्रगाढ करने के लिए नई संयुक्त पहलों की घोषणा की गई। प्रमुख समझौतों में से एक माइग्रेशन और मोबिलिटी के क्षेत्र में है जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच कुशल पेशेवरों की आवाजाही को सुगम बनाना है.

एक अन्य समझौता पर्यावरण सहयोग पर पहले से जारी समझौता ज्ञापन के नवीनीकरण से संबंधित है जिस पर पहली बार नवंबर 2020 में हस्ताक्षर किए गए थे। इस नवीनीकृत समझौते के तहत सततता से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार किया जाएगा, जिनमें जैव ऊर्जा, कचरे से ऊर्जा समाधान, ऊर्जा भंडारण प्रणालियाँ, लचीला नवीकरणीय ऊर्जा ढाँचा, हरित हाइड्रोजन और पवन, सौर तथा छोटे जलविद्युत जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत शामिल हैं.

> दोनों देशों ने 6 जी के लिए एक संयुक्त कार्यबल बनाने की भी घोषणा की, जिसमें फिनलैंड के ओलू विश्वविद्यालय और भारत के भारत 6 जी गठबंधन के शोधकर्ता शामिल होंगे, अगली पीढ़ी की दूरसंचार तकनीकों पर अनुसंधान और तकनीकी विकास को आगे बढ़ाया जा सके। भारत और फिनलैंड एक इंडो-फिनलैंड स्टार्टअप कॉरिडोर के माध्यम से स्टार्टअप सहयोग को भी बढ़ावा देंगे। इस पहल के तहत भारतीय स्टार्टअप को फिनलैंड के प्रमुख स्टार्टअप कार्यक्रम स्लश हेलसिंकी में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा.

## मोदी ने बीजू पटनायक की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को ओडिशा के दिग्गज नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और राज्य के विकास में उनके योगदान को याद किया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा संदेश में सार्वजनिक जीवन के प्रति श्री पटनायक की प्रतिबद्धता और ओडिशा की प्रगति के प्रति उनके समर्पण को स्मरण किया। उन्होंने लिखा, आज मैं श्री बीजू पटनायक की जयंती के मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और ओडिशा की प्रगति को आगे बढ़ाने के प्रति उनके जुनून को याद करता हूं। श्री पटनायक ओडिशा की राजनीति के एक प्रमुख नेता थे और उन्होंने दो बार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया.

# महायुद्ध के बीच खामेनेई के अंतिम संस्कार पर रोक

## अली खामेनेई की अंतिम विदाई टली, युद्ध बना वजह

- सुरक्षा खतरे के चलते टला कार्यक्रम, नई तारीख जल्द
- तेहरान में शोकसभा पर हमले की आशंका से फैसला




**नई दिल्ली,05 मार्च. ईरान के सुप्रीम लीडर अली ?ामेनेई के अंतिम संस्कार को लेकर बड़ा फैसला सामने आया है। युद्ध जैसे हालात और संभावित हमले की आशंका के कारण उनकी अंतिम विदाई फिलहाल टाल दी गई है.**

पहले योजना थी कि तेहरान में गुरुवार रात से तीन दिन तक अंतिम रस्में शुरू होंगी, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों की चेतावनी के बाद इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि खामेनेई की शोकसभा में लाखों लोगों के शामिल होने की संभावना है। ऐसे में ईरान की सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को डर है कि किसी भी बड़े हमले से भारी जनहानि हो सकती है। यही वजह है कि अंतिम संस्कार से जुड़ी सभी रस्मों को फिलहाल रोक दिया गया है और नई तारीख जल्द घोषित करने की बात कही गई है। खामेनेई को उनके पैतृक शहर मशहद में दफनाया जाना है, जो ईरान के सबसे पवित्र शहरों में से एक माना जाता है।

वहां स्थित इमाम रजा की दरगाह के पास उन्हें सुपुर्द-ए-खाक करने की तैयारी है। हालांकि मौजूदा युद्ध तनाव और सुरक्षा खतरे ने इस पूरे कार्यक्रम को अनिश्चित बना दिया है। ईरान में जारी युद्ध जैसे तनाव के बीच सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के अंतिम संस्कार को लेकर बड़ा मोड़ आ गया है। सरकार और धार्मिक अधिकारियों ने उनकी अंतिम विदाई के कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया है। यह फैसला सुरक्षा कारणों से लिया गया है, क्योंकि तेहरान में प्रस्तावित शोकसभा पर संभावित हमले की आशंका जताई गई है।जानकारी के मुताबिक खामेनेई की मौत के बाद ईरान की राजधानी ञ्द्गद्धह्म्ड्डठ्ठ में तीन दिन तक चलने वाली अंतिम रस्मों की तैयारी की जा रही थी। इसके बाद लाखों लोगों के लिए अंतिम दर्शन की व्यवस्था की जानी थी। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों ने चेतावनी दी कि इतने बड़े जनसमूह के बीच किसी भी तरह का हमला भारी तबाही मचा सकता है। खासतौर पर इस आशंका के चलते कि अन्य दुश्मन देश इस मौके को निशाना बना सकते हैं.


> ### इजरायली सैनिकों से हुई झड़प
> **बेरूत.** हिज़्बुल्ला ने बुधवार देर रात कहा कि दक्षिणी लेबनान के शहर अल-जहिरा के पास उसके लड़ाकों की इज़रायली सैनिकों से झड़प हुई। हिज़्बुल्ला ने एक बयान में कहा कि यह टकराव स्थानीय समयानुसार रात करीब 11-20 बजे हुआ, जब उसके लड़ाकों ने इज़रायली सेना की हरकतों को देखा जो शहर की तरफ बढ़ने की कोशिश कर रही थीं। हिज़्बुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों ने इज़रायली सेना से सीधे भिड़ंत की.

> ### पश्चिम एशिया को अस्थिर कर रहे हैं इजरायल : फतहाली
> **नई दिल्ली.** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने गुरुवार को अमेरिका और इजरायल पर पश्चिम एशिया क्षेत्र को अस्थिर करने तथा वार्ता के बीच युद्ध भड़काने का आरोप लगाया। ईरानी राजदूत की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब ईरान और अमेरिका-इजरायल गठबंधन के बीच तनाव तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में हिंद महासागर में ईरानी नौसेना के फ्रिगेट आईरिस डेना के डूबने की घटना को ईरान ने समुद्र में किया गया अत्याचार बताया है। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भी आईरिस डेना पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है.



### एक नजर में

## खालिस्तान विरोधी यूट्यूबर नैंसी ग्रेवाल की हत्या



**नई दिल्ली.** कनाडा के ओंटारियो में भारतीय मूल की यूट्यूबर नैंसी ग्रेवाल (45) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। ग्रेवाल सोशल मीडिया पर सक्रिय थीं और पंजाब में विकास कार्यों तथा खालिस्तान समर्थक गतिविधियों पर बेबाकी से अपनी राय रखती थीं। घटना की जानकारी-घटना मंगलवार रात टॉड लेन पर हुई, जहां ग्रेवाल को रास्ते में चाकुओं से हमला किया गया। आपातकालीन कर्मियों ने उन्हें अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन वे मौके पर ही दम तोड़ गईं। पुलिस ने मौके पर जांच के लिए आसपास के घरों और सीढ़ियों से सबूत जुटाए। जांच और सुरक्षा-लासेल पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने स्थानीय निवासियों से सीसीटीवी फुटेज और किसी भी जानकारी के लिए अपील की. पीड़िता के परिवार और मित्रों के प्रति पुलिस ने संवेदना व्यक्त की। नैंसी ग्रेवाल की गतिविधियां-उन्होंने जेल में बंद सांसद अमृतपाल सिंह, अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया और डेरा ब्यास के गुरिंदर सिंह ढिल्लों के खिलाफ भी आवाज उठाई थी। अमृतपाल सिंह खालिस्तान समर्थक रहे हैं। ग्रेवाल सोशल मीडिया पर खालिस्तान समर्थक हिंसक गतिविधियों और पंजाब के विकास कार्यों पर टिप्पणी करती थीं।यह हत्या कनाडा में भारतीय समुदाय और पंजाब से जुड़े राजनीतिक मामलों पर चर्चा का नया केंद्र बन गई है.

## एमवीए गठबंधन शरद पवार को राज्यसभा भेजेगी

**मुंबई, 05 मार्च.** महाराष्ट्र में विपक्ष के गठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने राज्यसभा चुनाव में राज्य से एनसीपी (शरद गुट) के प्रमुख शरद पवार को प्रत्याशी बनाया है. कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव गुट) ने पवार को समर्थन देने का ऐलान किया है. इससे पहले कांग्रेस, एनसीपी (शरद गुट) और शिवसेना (उद्धव गुट) तीनों ने उस एक सीट पर दावा जताया था, जिसे विपक्ष जीत सकता है. हालांकि कांग्रेस महासचिव रमेश चेन्निथला ने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने पवार के नाम पर सहमति देते हुए उनको समर्थन देने का निर्णय लिया है. राज्य की मौजूदा संख्या के आधार पर विपक्षी गठबंधन केवल एक सीट जीतने की स्थिति में है. राज्यसभा में महाराष्ट्र की सात सीटों समेत 10 राज्यों की 37 सीटों पर 16 मार्च को चुनाव होना है. सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच वोटिंग होगी और उसी दिन शाम 5 बजे वोटों की गिनती की जाएगी.

## लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने दिया इस्तीफा



**लद्दाख, 05 मार्च.** लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर कविंदर गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया है. केंद्र शासित प्रदेश में सिर्फ नौ महीने काम करने के बाद गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दिया. बताते चलें कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी चीफ मिनिस्टर गुप्ता ने इस साल की शुरुआत में लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर का पद संभाला था.

# जन समस्याओं के निस्तारण में अक्षम्य : योगी

- सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित

**गोरखपुर, 05 मार्च. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में जनता के साथ दिनभर होली की खुशियां साझा करने के बाद गुरूवार को आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात की.**



उनकी समस्याएं को सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान तत्परता और संवेदनशील तरीके से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य होगी। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक.एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाकात करने के बाद कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है.

# कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए छह उम्मीदवार घोषित किए

- सिंघवी तेलंगाना से लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली, 05 मार्च। कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपने छह उम्मीदवार घोषित किये हैं, जिनमें वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी को तेलंगाना से फिर उम्मीदवार बनाया गया है.**



पार्टी ने श्री सिंघवी के अलावा छत्तीसगढ़ से श्रीमती फूलो देवी नेताम, हरियाणा से करमवीर सिंह बौद्ध, हिमाचल प्रदेश से अनुराग शर्मा, तमिलनाडु से एम. क्रिस्टोफर तिलक तथा तेलंगाना से वी नरेंद्र रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार सुबह सूची जारी करते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन उम्मीदवारों के नाम को मंजूरी दी है। श्रीमती नेताम मौजूदा समय में छत्तीसगढ़ से और श्री सिंघवी भी तेलंगाना से राज्यसभा सांसद हैं। अप्रैल में दोनों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।गौरतलब है कि 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को मतदान होना है.

### आज का इतिहास

- 1508 –हुमायूं का काबुल में जन्म।
- 1775–रघुनाथ राव और अंग्रेजों के बीच सूरत की संधि पर हस्ताक्षर।
- 1902 – स्पेन में मशहूर फुटबॉल क्लब मैड्रिड क्लब की स्थापना हुई।
- 1915 – शांति निकेतन में महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ टैगोर पहली बार मिले।
- 1924 –मिस्र में राजा टुट के ममी मकबरे का उद्घाटन किया।
- 1957– घाना प्रधानमंत्री क्वामे न्क्रूमाह के नेतृत्व में एक स्वतंत्र राष्ट्र बना।
- 1991– प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने इस्तीफा दिया।

# 238 निर्वाचित और 12 नामित सदस्यों से बनती है परिषद

- क्या है राज्यसभा और कैसे होती है इसकी सदस्यता?

**नई दिल्ली, 05 मार्च. राज्यों की परिषद यानी राज्य सभा भारतीय संसद का ऊपरी सदन है। राज्य सभा में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधि और भारत के राष्ट्रपति द्वारा नामित व्यक्ति शामिल होते हैं। भारत का उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होता है.**

राज्य सभा अपने सदस्यों में से एक उपसभापति भी चुनती है। सभापति, राज्य सभा और उपसभापति, राज्य सभा इसकी बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। भारत की संसद दो सदनों से मिलकर बनी है—लोकसभा और राज्यसभा। इनमें से राज्यसभा को संसद का ऊपरी सदन कहा जाता है। इसे 'राज्यों की परिषद' भी कहा जाता है क्योंकि इसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व होता है. राज्यसभा की संरचना और शक्तियां भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से निर्धारित की गई हैं। संविधान के अनुसार राज्यसभा में अधिकतम 250 सदस्य हो सकते हैं। इनमें से 238 सदस्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि 12 सदस्यों को द्वारा कला, साहित्य, विज्ञान और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों में से नामित किया जाता है.

## सुरक्षा बल के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे शाह

**नई दिल्ली.** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को ओडिशा के मुंडली में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 57वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। गृह मंत्री भुवनेश्वर में राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के परिसर का भूमिपूजन करेंगे और आधारशिला रखेंगे इसके ट्रांजिट परिसर का वर्चुअल रूप से उद्घाटन भी करेंगे। श्री शाह एनएफएसयू परिसर के साथ स्थित केन्द्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भुवनेश्वर का भूमिपूजन भी करेंगे। वह भुवनेश्वर में %नूतन न्याय संहिता पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे.

# ब्रह्मपुत्र पर बनेगा देश का पहला नदी आधारित प्रकाश स्तंभ



**नई दिल्ली, 05 मार्च. पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने अंतर्देशीय जलमार्ग नौवहन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए ब्रह्मपुत्र नदी पर चार प्रकाश स्तंभ बनाने की आधारशिला रखी है।**

श्री सोनोवाल ने गुरुवार को गुवाहाटी के लाचित घाट पर आयोजित समारोह में प्रकाश स्तंभ एवं प्रकाश जहाज महानिदेशालय और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित समारोह में यह आधारशिला रखी.

# ईरान के मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने

## राहुल ने ईरान में हो रही घटनाओं को लेकर केन्द्र सरकार की चुप्पी पर जताई हैरानी

**नई दिल्ली, 05 मार्च .कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिकी-इजरायली हमले के कारण ईरान में हो रही घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर हैरानी जताई है.**



श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज दुनिया एक अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुकी है और आगे और भी कठिन परिस्थितियाँ हैं। उन्होंने लिखा कि भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी खराब है। श्री गांधी ने सारे माहौल के बीच श्री मोदी की चुप्पी पर कहा, यह संघर्ष हमारे पड़ोस तक पहुँच गया है, हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत डूब गया है.

> ### कांग्रेस की टिप्पणी राजनीतिक बयानबाजी
> भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि कांग्रेस ऐसे संघर्ष पर भारत से टिप्पणी करवाना चाहती है जिसमें भारत सीधे शामिल नहीं है, शहजाद पुनेवाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर कमजोर रुख का रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब मनमोहन सिंह की सरकार थी, तब माओवाद जैसे मुद्दों पर मंत्रियों को सार्वजनिक बयान देने से रोका जाता था। ईरान और पश्चिम एशिया के तनाव को लेकर विपक्ष सरकार की चुप्पी पर सवाल उठा रहा है.

### भाजपा का पलटवार

भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भारत की विदेश नीति राष्ट्रीय हित और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर तय की जाती है। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि भारत सोच-समझे बिना ईरान के पक्ष में खड़ा हो जाए।उन्होंने यह भी कहा कि चीन, जिसने पहले ईरान का कूटनीतिक समर्थन किया और उसका तेल खरीदा, अब उससे दूरी बना रहा है.

# तमिलनाडु में कांग्रेस 28 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

- राज्यसभा चुनावों में भी कांग्रेस के लिए सीट आरक्षित
- डीएमके की अगुवाई में 21 दलों का बना गठबंधन

**चेन्नई, 5 मार्च. तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के लिए डीएमके ने कमर कस ली है. मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके ने एक विशाल गठबंधन तैयार किया है, जिसमें कुल 21 पार्टियां शामिल हुई हैं. कांग्रेस एक बार फिर इस गठबंधन का हिस्सा बनी है और इस बार 28 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है.**

मुख्यमंत्री और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थागाई के बीच बैठक हुई. इस बैठक में निर्वाचन क्षेत्रों के बंटवारे पर अंतिम मुहर लगा दी गई. आगामी राज्यसभा चुनावों में भी कांग्रेस पार्टी के लिए एक सीट आरक्षित की गई है. डीएमके ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी कर दी है. पार्टी ने वरिष्ठ नेता तिरुचि शिवा पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें राज्यसभा सांसद के रूप में बरकरार रखा है, जबकि कॉन्स्टेंटाइन रविंद्रन को पहली बार राज्यसभा भेजने का फैसला किया गया है.


### समीक्षा

## राज्य सरकार निरंतर जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

# पाटिल और यादव ने जल संचयन भागीदारी की बैठक

**नई दिल्ली, 05 मार्च. जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ जल संचय जन भागीदारी को लेकर गुरुवार को व्यापक समीक्षा बैठक की.**



जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग के राष्ट्रीय जल मिशन द्वारा मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित इस बैठक में मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के साथ ही राज्य के सभी जिला कलेक्टर और संभागीय आयुक्त मौजूद रहे। श्री यादव ने बैठक में जल संरक्षण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आश्वासन दिया कि मध्य प्रदेश जल संसाधनों के संरक्षण के राष्ट्रीय प्रयासों में अग्रणी बना रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निरंतर जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और %जल गंगा संवर्धन अभियान% जैसे प्रयासों के माध्यम से जल संरक्षण, नदी पुनर्जीवन, स्रोत स्थिरता तथा मध्य प्रदेश से निकलने वाली या राज्य से होकर गुजरने वाली नदियों की स्वच्छता के लिए जनभागीदारी को सशक्त बनाया जा रहा है.

> बैठक में जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग के सचिव वी. एल. कंथा राव, राष्ट्रीय जल मिशन की अतिरिक्त सचिव एवं प्रबंध निदेशक अर्चना वर्मा, मध्य प्रदेश शासन के जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश कुमार राजौरा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के संजय दुबे तथा लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव पी. नरहरि सहित राज्य और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.



## रूस ने बनाया एआई, मिनटों में पकड़ लेगा स्तन कैंसर

**सेंट पीटर्सबर्ग.** रूस के शोधकर्ताओं ने एक ऐसा न्यूरल नेटवर्क (एआई) विकसित किया है जो सीटी स्कैन के जरिए शुरुआती चरण के स्तन कैंसर का पता महज कुछ ही मिनटों में लगा सकता है। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को बताया कि यह तकनीक उन पारंपरिक तरीकों की तुलना में काफी तेज है जिनमें जांच के लिए एक दिन तक का समय लग सकता है.

# 37 सीटों के लिए 39 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल

## दस राज्यों से राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 39 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए

**नई दिल्ली 05 मार्च. देश के 10 राज्यों से राज्यसभा की रिक्त 37 सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के 37 उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किए वहीं दो निर्दलीय उम्मीदवार ने भी अपनी नामांकन दाखिल कर अपनी दावेदारी पेश की है।**

दिलचस्प तथ्य यह भी है कि सीटों की संख्या के अनुरूप उम्मीदवारों के नामाकंन दाखिल होने से उनके निर्विरोध निर्वाचन तय माने जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में राज्यसभा की सात सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन ने चार उम्मीदवारों



रामदास अठावले, विनोद तावड़े, माया वाघमारे और रामराव वडकुटे को मैदान में उतारा तो वहीं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की ओर से उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और दिवंगत नेता अजित पवार के बेटे पार्थ पवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली



शिवसेना ने पार्टी प्रवक्ता ज्योति वाघमारे को अपना एकमात्र उम्मीदवार घोषित किया है। दूसरी ओर विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन ने दिग्गज नेता शरद पवार को अपना उम्मीदवार बनाया है।

स्वास्थ्य कारणों से श्री पवार विधानसभा नहीं पहुंच सके, लेकिन अधिकारियों ने उनके आवास पर जाकर नामांकन की औपचारिकताएं पूरी कीं.